राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

संख्या–02/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने शपथ लेने के पूर्व देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना 02 जनवरी, 2025 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने अपने पद का शपथ लेने के पूर्व राजेन्द्र घाट, पटना स्थित भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की समाधि पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत उन्होंने बिहार विद्यापीठ, सदाकत आश्रम, पटना स्थित राजेन्द्र स्मृति संग्रहालय का परिभ्रमण किया तथा विजिटर बुक में अपने भावोद्‌गार अंकित किये। उन्होंने परिसर में अवस्थित राजेन्द्र बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन भी किया।

....